हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 31 अगस्त 2025

04 विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष ने किया अस्थाई ...



07 गणेश जन्मोत्सव समारोह में कींगड़ी ...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया जिला संग्रहालय का निरीक्षण



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को जिला संग्रहालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित धरोहरों, ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं एवं प्रदर्शित सामग्री का अवलोकन किया। कलेक्टर ने संग्रहालय परिसर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं एवं संग्रहालय को अधिक आकर्षक और जानकारीपरक बनाया जाए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि जिला संग्रहालय की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का दर्पण है, इसे आमजन और पर्यटकों के लिए और अधिक उपयोगी एवं आकर्षक बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

### साकेत के आंगन में उतरी वृंदावन की छटा

**विदिशा।** गणेशोत्सव के दौरान साकेत के मनोरम प्रशाल में दो घंटे से अधिक चली आराध्य वंदना में साकेत शिशु रंजन टीलाखेड़ी व साकेत एमजी एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नर्सरी से पांचवीं तक के लगभग 600 नौनीहालों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान गोवर्धन नाट्य में लगभग 66 बच्चों ने साकेत आंगन में वृंदावन का वातावरण प्रस्तुत कर दिया। वहीं 40 नन्हे मुन्नों की गरबा प्रस्तुति ने वातावरण में गरबे के रंग घोल दिए। महाभारत की नाट्य प्रस्तुति तथा नमो नमो शंकरा से महाकाल की आराधना नन्हे मुन्नों ने की। कार्यक्रम का समापन नमामी शमीशान के साथ हुआ।

### विमुक्ति उत्सव का आयोजन आज होगा

**विदिशा।** स्वतंत्रता के पश्चात विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विरुद्ध औपनिवेशिक अंग्रेजी कानून आपराधिक जनजाति अधिनियम 1871 को 11 अगस्त 1951 को समाप्त कर इस वर्ग को सच्चे अर्थों में आजादी प्राप्त हुई। इसी स्मृति को प्रतिवर्ष विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु कल्याण विभाग की सहायक संचालक संगीता जयसवाल ने बताया कि इस वर्ष उक्त कार्यक्रम विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास शमशाबाद दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। विभाग द्वारा इस गरिमामयी कार्यक्रम में अधिक से अधिक उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण किया

**विदिशा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख सलीम ने शनिवार 30 अगस्त को जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके, न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला रजिस्टार संतज श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेंद्र सिंह तोमर तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरजीत सिंह सिकरवार, अनिमेष तिवारी और विनोद कुशवाह उपस्थित रहे। निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर के दौरान जेल अधीक्षक प्रियदर्शन श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश शेख सलीम ने बंदियों से मुलाकात कक्ष, रसोई घर एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा यह भी जाना कि सभी बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध हैं या नहीं। जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं हैं, उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अधिवक्ता नियुक्त करने निर्देश दिए।

## वात्सल्य के गणेशोत्सव में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज, बच्चों की प्रस्तुतियां देखीं







**विदिशा।** शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान वात्सल्य स्कूल में चल रहे गणेश महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों की सराहना की। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि आज जब कई अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुक रहे हैं, वहीं वात्सल्य स्कूल बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय परंपरा और संस्कृति से भी जोड़ रहा है यह सराहनीय पहल है। गणेश महोत्सव को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी अपनी भावनाएं साझा कीं। विद्यालय संचालिका देवना अरोरा, राजकुमार अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली, रुचिरा अरोरा एवं संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

### ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक होगा सांसद खेल महोत्सव, 20 सितंबर तक पंजीयन

## कृषि मंत्री ने चलाई साइकिल, कहाः हमें 'मेक इन इंडिया' उत्पाद अपनाने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय खेल दिवस पर शनिवार को तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन साइकिल रैली आयोजित हुई। इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हुए। उन्होंने खुद साइकिल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

रैली एसएटीआई कॉलेज से शुरू होकर नीमताल चौराह, विवेकानंद चौराह होते हुए आरटीओ ऑफिस तक निकाली गई। रैली में छात्रों, युवाओं और खिलाड़ियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। जगह-जगह लोगों ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और फिटनेस के संदेश को आगे बढ़ाया।





**विदिशा।** साइकिल चलाकर स्वस्थ्य और फिट रहने का संदेश देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

### खेल स्वस्थ जीवन का सबसे सशक्त माध्यम

एसएटीआई कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ज्यादा तेल वाली चीजों से बचें और खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने मेजर ध्यानचंद को भारतीय खेल जगत का गौरव और हॉकी का जादूगर बताया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का जिक्र करते हुए कहा कि हमें 'मेक इन इंडिया' उत्पाद अपनाने चाहिए। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि सांसद खेल महोत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो और कुश्ती की प्रतियोगिताएं होंगी। मुकाबले ग्राम पंचायत स्तर से शुरू होकर तहसील और जिला स्तर तक होंगे। आठ विधानसभा क्षेत्रों की विजेता टीमें फाइनल तक पहुंचेंगी। खिलाड़ियों की मांग पर अगली बार वॉलीबॉल को भी शामिल किया जाएगा।

टीमों का पंजीयन 20 सितंबर तक होगा और दीपावली के बाद प्रतियोगिताएं शुरू की जाएंगी। मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान की थीम पर आयोजित इस साइकिल रैली में कलेक्टर अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित अन्य अधिकारियों ने भी साइकिल चलाई। इसके अलावा रैली में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित स्कूली छात्र छात्राएं भी शामिल हुए।

### गांव- गांव खिलाड़ियों के बीच होंगे मुकाबले

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब विदिशा संसदीय क्षेत्र में खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें पूरे संसदीय क्षेत्र की टीमें हिस्सा लेंगी। इसके लिए पहले गांव-गांव के खिलाड़ियों के मध्य मुकाबला होगा जो टीम जीतेंगी वह तहसील स्तर पर हिस्सा लेंगी और तहसील स्तर पर जीतने वाली टीमें जिलास्तर पर खेल गतिविधियों में हिस्सा लेंगी। संसदीय क्षेत्र की सभी 8 विधानसभाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसमें चार प्रतियोगिताएं क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो और कुश्ती प्रतियोगिता शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान विदिशा जिले के नागरिकों से मंच से ही स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर हम सभी को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की आवश्यकता है, यदि हम देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदेंगे तो देश के लोगों को रोजगार मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## मेडिकल कॉलेज में लगी क्रायोस्टेट मशीन, मिनटों में हो जाएगी कैंसर की जांच

### ऑपरेशन के दौरान ही कैंसर की जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कैंसर जांच की मशीन लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में नई क्रायोस्टेट मशीन लगाई गई है। इस मशीन से ऑपरेशन के दौरान ही कैंसर की जांच की जा सकेगी।

पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा राय ने बताया कि, यह मशीन ऑपरेशन थिएटर में ही टिश्यू को तुरंत ठंडा करके स्लाइड तैयार करती है। पैथोलॉजिस्ट इसकी तत्काल जांच कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को फ्रोजन सेक्शन कहा जाता है। सर्जरी विभाग के डॉ. राजकिशोर सिंह और डॉ. आदित्य गर्ग ने बताया कि, पहले बायोप्सी रिपोर्ट आने में कई दिन लगते थे। अब मशीन से मिनटों में रिपोर्ट मिल जाएगी। इससे मरीजों को अनावश्यक दर्द और अतिरिक्त खर्च से बचाया जा सकेगा।

### मशीन कैंसर मरीजों के लिए सुविधाजनक

कॉलेज में डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इस मशीन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. मनीष निगम और अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश लाढवे ने कहा कि यह मशीन कैंसर मरीजों के लिए बहुत लाभदायक होगी।

### अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक सील

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर बीएमओ विदिशा ने टीम के साथ ग्राम अहमदानगर में अवैध रूप से संचालित एक प्राइवेट क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि क्लीनिक संचालन अरुण विश्वास द्वारा बिना आवश्यक दस्तावेज एवं अनुमतियों के क्लीनिक संचालित की जा रही है। संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर पंचनामा तैयार कर क्लीनिक को सील कर दिया गया।

### करणी सेना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष आज आएंगे

**विदिशा।** क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष मनजीत कीर्तिराज सिंह आज रविवार को क्षत्रिय करणी सेना द्वारा आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होने दोपहर 12 बजे विदिशा आ रहे हैं। करणी सेना द्वारा बाढ़ वाले मंदिर पर स्वागत कर रैली के रूप में महाराणा प्रताप चौराह जालोरी गार्डन लाया जाएगा।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को सजा सुनाई

**विदिशा।** नाबालिग के साथ बुरी नियत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष की सजा सुनाई गई है। 8 अक्टूबर 2024 को थाना शमशाबाद में रिपोट लेख कराई कि नाबालिग सुबह 10:30 बजे वह घर से स्कूल जाने के लिए अकेली निकली थी। रास्ते में जैसे ही वह सिद्ध चबूतरे के पास पहुंची तो सामने से बाइक से एक व्यक्ति आया जिसने उसके पास आकर बाइक रोक दी। बुरी नियत से नाबालिग का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोपी ने गंदी-गंदी गालियां दीं। कहने लगा कि आज तो बच गई अगले बार थप्पड़ मारकर ले जाउंगा और जान से खत्म कर दूंगा। शमशाबाद थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया।

## चेक बाउंस प्रकरणः एक लाख 7 हजार का अर्थदंड, सुनाई 6 महीने की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- चेक बाउंस होने के बाद पैसे देने से किया था साफ इनकार।

चेक बाउंस के एक प्रकरण में न्यायाधीश नंदनी शुक्ला ने आरोपी मोहन सिंह दांगी पुत्र मानसिंह दांगी निवासी ग्राम मृगावली तहसील ग्यारसपुर को दोषी पाते हुए 1 लाख 7 हजार रुपए का अर्थदंड एवं 6 माह के कारावास की सजा सुनाई है।

रामकिशोर विश्वकर्मा पुत्र हरिनारायण विश्वकर्मा निवासी सुभाष नगर ने मोहन सिंह को 3 लाख रुपए 6 माह के लिए उधार दिए थे। जब 6 महीने बाद रामकिशोर विश्वकर्मा ने उधार दी राशि मांगी तब मोहन ने एचडीएफसी बैंक शाखा विदिशा का चेक दिया। जिसे लगाने पर चेक बिना भुगतान के आवेदक को वापस प्राप्त हो गया। मोहन सिंह दांगी ने राशि देने से साफ इनकार कर दिया। परेशान होकर रामकिशोर विश्वकर्मा ने एडवोकेट सागर मीणा के माध्यम से नोटिस देते हुए न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कराया। न्यायालय में एडवोकेट सागर मीणा द्वारा प्रस्तुत एविडेंस एवं तर्कों से सहमत होकर निर्णय पारित करते हुए अनावेदक मोहन सिंह दांगी पर 1 लाख 7 हजार का का जुर्माना लगाते हुए 6 माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

### जुआ के अड्डे पर पुलिस का छापा, 7 गिरफ्तार 1.35 रु. लाख बरामद

**हरिभूमि न्यूज. लटेरी।** जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 1.35 लाख रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर पुलिस ने ये कार्रवाई की है। टीआई आनंदपुर, सब-इंस्पेक्टर अनुज प्रतापसिंह दांगी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि अवैध जुआ, सट्टा और मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## चोरी की हैट्रिकः पहले क्लीनिक से 65 हजार, फिर लाइब्रेरी से मोबाइल चुराया, तीसरी रात में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शेरपुरा में लगातार तीन रातों में चोरी की वारदातें हुईं। पहली रात एक निजी क्लीनिक से चोर ने 65 हजार रुपए चुराए। दूसरी रात लाइब्रेरी से फोन की चोरी की। लेकिन तीसरी रात लोगों ने उसे पकड़ लिया। अब आरोपी पुलिस की हिरासत में है।

पहली रात चोर एक प्राइवेट क्लीनिक में गेट फांदकर घुसा। उसने कैश काउंटर से दो लिफाफे चोरी किए, जिनमें 30 हजार और 35 हजार रुपए थे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। थाने में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई गई। दूसरी रात चोर मोहल्ले की लाइब्रेरी में घुसा। वहां से उसने एक छात्र का मोबाइल फोन चुरा लिया। लाइब्रेरी संचालक गजराज ने बताया कि चोर ने ऑफिस में भी चोरी की कोशिश की, लेकिन वहां ताला लगे होने की वजह से चोरी नहीं हुई।

### तीसरी रात को पकड़ाया

तीसरी रात को फिर चोर मोहल्ले में दाखिल हुआ, लेकिन इस बार लोगों ने उसे पकड़ लिया। उन्होंने पार्षद प्रतिनिधि संजय अग्रवाल को बुलाया। संजय अग्रवाल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया।

### पुलिस कार्रवाई करती तो चोरियां नहीं होती



संजय अग्रवाल का आरोप है कि पुलिस चोरों को पकड़ने के कुछ समय बाद ही छोड़ देती है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो लगातार चोरियां नहीं होतीं। पकड़ा गया आरोपी नशे की हालत में था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## दशलक्षण धर्म के तीसरे दिन बड़ा जैन मंदिर में जैन धर्म और 'समयसार' का अर्थगर्भित विवेचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन ने बताया कि शीतलनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर किले अंदर में दसलक्षण धर्म विधान के तीसरे दिन जयपुर से पधारे पंडित सिंघई श्रेयांस शास्त्री द्वारा सायंकालीन उत्तम आर्जव धर्म पर व्यवस्था दी गई।

उन्होंने प्रातः कालीन जैन धर्म का परिचय और 'समयसार' की मूलभूत व्याख्या को समझते हुए बताया कि 'समयसार' आचार्य कुंदकुंद द्वारा रचित एक अमूल्य ग्रंथ है, जो सम्यक दर्शन, ज्ञान और चारित्र की गहराई को समझने का प्रयास कराता है। यह ग्रंथ आत्मा के शुद्ध स्वरूप में स्थिर होने के महत्व को रेखांकित करता है। जैन धर्म में पंचपरमेष्ठी, छे द्रव्य, सात तत्व व अन्य सिद्धांतों की गहरी व्याख्या इसमें मिलती है। सम्यक दर्शन और ज्ञान का महत्व बताते हुए उन्होंने आत्मा को जानने के लिए केवल बुद्धि का नियोजन और ध्यान पर्याप्त है। स्वानुभूति से ही आत्मा का प्रकाश संभव है, अन्य कोई उपाय नहीं। सच्चा ज्ञान तभी प्राप्त होता है जब आत्मा अपनी शुद्ध अवस्था मे स्थिर हो।

मनुष्य की बुद्धि को स्वयं तक ले जाना और आत्मा को जानने में रुचि उत्पन्न करना। - सृष्टि, पुद्गल और जीव के संबंध में स्पष्ट समझ प्रदान करना। आत्मा को शुद्ध और स्थिर स्वरूप में जानने का प्रयास 'समयसार' का प्रमुख उद्देश्य है। राग, द्वेष और मोह आत्मा के नहीं, पुद्गल के परिणाम हैं। आत्मज्ञान हेतु बाह्य विकल्पों का परित्याग करना आवश्यक है।

समयसार' पढ़ने का साधारण व्यक्ति पर प्रभाव बहुत गहरा होता है। यह ग्रंथ जिज्ञासुओं और मुमुक्षुओं को उनकी आत्मिक यात्रा में सहायता करता है। यह केवल बुद्धि को पंडित बनाने हेतु नहीं, बल्कि आत्मा को जानने हेतु पढ़ा जाना चाहिए। जो इसे केवल पांडित्य की दृष्टि से पढ़ेंगे, उनके लिए यह कठिन सिद्ध होगा।

### मारपीट के दोषी को 6 माह का कठोर कारावास

**विदिशा।** न्यायालय अपूर्वा पाठक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा मारपीट करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र कुशवाह निवासी ग्राम बूढ़ा बासौदा थाना हैदरगढ़ को 6 माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा द्वारा की गई। फरियादी राजेन्द्र कुशवाह ने थाना हैदरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 अक्टूबर 2023 को शाम करीब 8:30 बजे आरोपी धर्मेन्द्र कुशवाह उसके घर आया और शराब की शीशी फोड़ दी मना किया तो गालियां देने लगा और डंडे से पीटा।




## बासौदा मंडी भाव


शरबती
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3431
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2772
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2526
उच्चतम भाव-2531
चना
न्यूनतम भाव-4790
उच्चतम भाव-5861
मसूर
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-7610
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3175
उच्चतम भाव-3175
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4615
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6800
मूंग
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-7070
धान
न्यूनतम भाव-2282
उच्चतम भाव-2501
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-5360
धनिया
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6200

**कृषि मंडी में हुई आवक**

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 3022 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### बिटोलिया ने संभाला एसडीएम का पदभार



**गंजबासौदा।** एसडीएम विजय राय का पिछले दिनों नर्मदापुरम स्थानांतरण हो जाने के बाद गंजबासौदा में नवागत एसडीएम संतोष बिटोलिया ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद वह कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय पहुंचे जहां पर भारसाधक अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी के सचिव सोहनलाल सहित कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण के उपरांत कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक बैठक भी ली।

### बिजली प्रदाय रहेगा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत कंपनी द्वारा बताया गया कि रविवार को राजेन्द्र नगर फीडर पर मेंटेनेंस कार्य होने के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहेगा। जिसके कारण पचमा बायपास, राजेंद्र नगर सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।



बघरूं बांध हुआ लबालब...

# अच्छी बारिश से जलाशय हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में अभी तक अच्छी बारिश हो चुकी है। हालांकि यह बारिश औसत बारिश की अपेक्षा कम है, लेकिन अच्छी बारिश से नगर के जलाशय अब पूरी तरह लबालब नजर आ रहे हैं। इलाके में बघरू बांध, दानमढी बांध, हामिदपुर तालाब, घटेरा तालाब, परसौरा तालाब, हिन्नौदा तालाब सहित अन्य तालाब एवं प्रमुख जलाशय हैं। इसके अलावा लगभग प्रत्येक गांव में खेत तालाब, बलराम तालाब, निजी तालाब, छोटे ताल आदि बने हुए हैं। अभी तक की बारिश से कुंआ, खेत तालाब, बांध आदि में भरपूर मात्रा में पानी संचित हो गया है और ये सभी जलाशय अब लबालब नजर आ रहे हैं।

त्योंदा का बघरू बांध भी अपनी क्षमता के अनुरूप पूरा भर गया है और पिछली बार की तेज बारिश में तो जल संसाधन विभाग को बांध में जलस्तर बनाए रखने के लिए उसके गेट खोलकर अतिरिक्त पानी भी निकालना पड़ा था। यहां उल्लेखनीय है कि अभी तक इलाके में 857.5 मिमी बारिश हो चुकी है, वहीं इलाके की औसत बारिश 1 हजार मिमी से अधिक है। इस लिहाज से अभी औसत तक पहुंचने के लिए इलाके में और भी बारिश की जरूरत है। हालांकि अभी तक हुई बारिश फसलों के लिए राहतकारी रही है। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने भी आगामी दिनों में अच्छी बारिश के साथ ही सितंबर माह में भी रह रहकर अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस लिहाज से माना जा सकता है कि आगामी समय में इलाके में बारिश औसत से अच्छी हो सकती है।

### अगले सप्ताह में शुरू हो जाएगी नपा द्वारा बनाई गई अस्थाई गौशाला

# विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष ने किया अस्थाई गौशाला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा बनवा में लावारिस मवेशियों को रखने के लिए अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है और यह निर्माण भी अंतिम चरणों में चल रहा है। गत दिवस विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित अन्य पार्षदों एवं गणमान्य नागरिकों ने मौके पर पहुंचकर गौशाला में मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



संभवतः यह गौशाला अगले सप्ताह में चालू कर दी जाएगी और सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों के लिए एक सुरक्षित आश्रय मिल जाएगा। अभी इस गौशाला में विशाल टीन शेड, होदी बन चुकी है और मवेशियों को खाने के लिए भूसा भी संग्रहित कर दिया गया है। गौशाला के अंदर सीसी कराया जा रहा है और इसके पूर्ण होते ही गौशाला का संचालन भी होने लगेगा। इस गौशाला में मवेशियों को पीने के पानी के लिए ट्यूबवेल भी खुदवाया गया है। यह गौशाला का पूरा परिसर करीब 8 बीघा के एरिया में फैला हुआ है। गौशाला के पूर्ण निर्माण के बाद नगर की सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों से मुक्ति मिल जाएगी और आवागमन भी सुलभ होगा। गौशाला के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र मैना, डॉक्टर बाबूराम सचान, पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, शिवम रघुवंशी, पार्षद मनीष विश्वकर्मा के अलावा नगर पालिका के सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, वरुणेंद्र चौबे, मुन्ना महाराज के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। ज्ञात हो कि नपा की गौशाला के शुरु होते वाहन चालकों को सड़कों पर जमे मवेशियों से निजात मिल जाएगी। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आऐगी।

## अभाविप ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय से एलएलबी करने वाले विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया लंबे समय से प्रारंभ नहीं हो पा रही है। जिसको लेकर शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और राज्यपाल के नाम पत्र लिखकर एसडीएम संतोष बिटोलिया को सौंपा गया। जिसमें प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करवाने की मांग की गई। जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थी परिषद पूर्व में भी इस विषय को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंप चुकी है और कई बार चरणबद्ध आंदोलन भी किए गए हैं, किंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है, शासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। नगर मंत्री गजेंद्र राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों की मांग पूरी न होने पर परिषद आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर परिषद के तनवंत मालवीय, फ़रान ख़ान, उत्कर्ष दिवाकर, हार्दिक सेन, रंजीत रघुवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विद्यार्थी परिषद ने कहा कि जब तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं होती, तब तक विद्यार्थियों का यह संघर्ष जारी रहेगा।

### संतान की सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा उपवास



**गंजबासौदा।** शनिवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महिलाओं द्वारा संतान सप्तमी का व्रत रखकर पूजन की गई। इस मौके पर अधरक्षारे की दातून करने के साथ ही विधि विधान से पूजन अर्चन की गई। ज्ञात हो कि संतान सप्तमी का व्रत संतान की प्राप्ति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए रखा जाता है। यह व्रत प्रतिवर्ष भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को किया जाता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और भगवान शिव व देवी पार्वती की पूजा करती हैं। पुए का भोग लगाती हैं और पुए भोजन के रुप में ग्रहण करती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने के साथ-साथ संतान सप्तमी की कथा का पाठ करना या सुनना चाहिए, क्योंकि यह अनुष्ठान का अहम हिस्सा है। कथा श्रवण करने के साथ ही व्रत पूर्ण होता है।

### पचमा बायपास पर लगा जाम, वाहन चालक हुए परेशान

**गंजबासौदा।** शनिवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहन चालक देर तक जाम हटने के इंतजार में खड़े रहे।

# एलबीएस में मना राष्ट्रीय खेल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर महाविद्यालय छात्रों की वेट लिफ्ट, और पुश अप प्रतियोगिता कराई गई। बासौदा शिक्षा समिति के सदस्य रविन्द्र जैन द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्य अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं मेजर ध्यानचंद के जीवन चरित्र सहित उनके कौशल के बारे में बताया गया कि कैसे मेजर ध्यानचंद ने अपने कौशल से भारतीय हॉकी टीम को 1928, 1932, 1936 में ओलिंपिक में गोल्ड मेडल दिलाए थे। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के खेल अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि कैसे मेजर ध्यानचंद रेल की पटरी पर बॉल को बैलेंस करते हुए काफी दूर तक ले जाते थे। महाविद्यालय की प्राचार्या ने प्रतिदिन व्यायाम करने के लिए छात्रों को कहा।

विधि विभाग के प्रभारी आर आर द्विवेदी ने छात्रों अनुशासन और नियमित व्यायाम करने के लिए कहा और रोज जिम में एक्सरसाइज करने के लिए कहा। वेट लिफ्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभ शर्मा बीकॉम फर्स्ट ईयर 140 किग्रा, द्वितीय स्थान अजय दांगी बीए सेकंड ईयर 135 किग्रा, तृतीय स्थान कृष्णा अग्रवाल बीकॉम फर्स्ट ईयर 125 किग्रा ने प्राप्त किया। वहीं पुश अप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशुल कुशवाह दो मिनट्स में 84 पुश अप, द्वितीय स्थान आनंद शर्मा 77 पुश अप, तृतीय स्थान मयंक यादव 65 पुश अप रहे। खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने छात्रों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक और सामाजिक सभी में अच्छे बनने के लिए कहा। इस दौरान महाविद्यालयीन स्टॉफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी हुए साइकिल रैली में शामिल



**गंजबासौदा।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर विश्व खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर माल्यार्पण कर विदिशा में आयोजित साइकिल रैली एवं 3 दिवसीय खेलों के आयोजन का शुभारंभ किया गया। जिसमें केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिका छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### नपा व यातायात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर बनाए चालान

# सड़क किनारे से हटाया अस्थाई अतिक्रमण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत त्योदा रोड पर सड़क चौड़ीकरण उपरांत यातायात में अवरोध उत्पन्न कर रहे अस्थाई अतिक्रमण को नगरपालिका अतिक्रमण अमला एवं यातायात पुलिस के सहयोग से हटवाया गया एवं स्थल पर पुनः अतिक्रमण न करने हेतु हिदायत दी गई। उन अतिक्रमण हटवाने में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रविप्रकाश श्रीवास्तव, उपयंत्री नरेन्द्र चौहान, अतिक्रमण प्रभारी राजकुमार शर्मा, सहायक वरूणेन्द्र चौबे, नवल सिह परिहार, यातायात पुलिस से वीरेन्द्र टिर्की यातायात प्रभारी अपने दल के साथ उपस्थित थे। उक्त अस्थाई अतिक्रमणकर्ताओं पर कार्रवाई के दौरान 53 चालानी कार्रवाई करते हुए 9000 रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई एवं यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर नगर के चारों मुख्य सड़कों पर गतिशील रहेगी। नपा ने नागरिकों से अस्थाई अतिक्रमण को हटाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### किसान सम्मेलन आज

**गंजबासौदा।** गायत्री प्रज्ञापीठ बरेठ रोड पर रविवार को प्रातः 9 बजे से जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं स्वाबलंबन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला अपरान्ह 4 बजे तक चलेगी। गायत्री परिवार के परिजनों ने लोगों से इस आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

### विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया साइकिल रैली को रवाना




**गंजबासौदा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय आयोजन नगर के शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें शनिवार को दूसरे दिन साईकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी के साथ नवागत एसडीएम संतोष बिटौलिया, तहसीलदार अरविंद यादव,एसडीओपी शिखा भलावी, बीईओ परता अहिरवार, बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी, प्राचार्य एमसी शर्मा, एनसीसी अधिकारी अनिल दुबे, एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा, कन्या शाला के प्रधानाध्यापक प्रकाश नाम जोशी, नवांकुर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली , नूरजहां मसूंरी आदि उपस्थित रहे। रैली में नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह रैली शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक से होते हुए बरेठ रोड सहित मुख्य मार्ग से होते हुए विधायक कार्यालय इमली चौराहा, बहलोट बायपास रोड, स्टेशन होते हुए पुनः उत्कृष्ट उमा विद्यालय पहुंची। जहां उसका समापन किया गया।

# अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या



**गंजबासौदा।** इन दिनों कभी तेज गर्मी तो कभी बारिश होने से मौसम में आ रहे बदलाव के चलते नगर सहित ग्रामीण अंचलों में लोग मौसमी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। जिससे शासकीय जनचिकित्साल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिनमे वायरल फीवर, उल्टी, दस्त, सर दर्द,पेट दर्द, बुखार के मरीज शामिल हैं। जिसमें सर्वाधिक संख्या बच्चों की शामिल है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में नगर सहित ग्रामीण अंचल से मरीज उपचार कराने शासकीय अस्पताल और निजी चिकत्सकों के यहां पहुंच रहे हैं। जिसके कारण सुबह से लेकर शाम तक मरीजों की लंबी कतारें, पर्चा बनवाने एवं गोली दवाई लेने में लग रही हैं।

## केवट समाज के कलाकारों ने देर रात्रि तक प्रस्तुत की लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति

# गणेश जन्मोत्सव समारोह में कींगड़ी गायन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश मंदिर गणेश की अथाँई पर आयोजित ग्यारह दिवसीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन में रात्रि में कींगड़ी गायन की मनमोहक प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर उपस्थित कलाकारों ने आदिवासी लोककला एवं धार्मिक संस्कृति पर आधारित मनमोहक लोकगीतों की प्रस्तुति दी। तो वही केवट समाज के लगभग दो दर्जन से भी अधिक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ श्री गणेश की वंदना कर किया। देर रात्रि तक चलने वाली इस प्रस्तुति के दौरान केवट समाज के वरिष्ठ कलाकार रामप्रसाद केवट एवं सह कलाकार परामानंद केवट एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा सारंगी,बॉसुरी,झॉझर एवं मंजीरों की थाप पर देर रात्रि तक लोकगीत, स्वॉंग एवं आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व समिति सदस्यों ने उपस्थित कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक रावल द्वारा किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कृष्णविहारी पांडे, भैरोसिंह कुर्मी, महेश सक्सेना, शिवकुमार मिश्रा, ओम सोनी, सरसिज शर्मा, सर्वेश शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### भक्ति संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता

शुक्रवार रात्रि में धार्मिक भक्ति संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में नगर एवं आसपास के क्षेत्र की लगभग 20 बालिका प्रतिभागियों ने भाग लेकर धार्मिक भक्ति गीतों पर आधारित एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियॉं दी। तो वही श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिभाओं को निखारने का अवसर एवं मंच प्रदान करने के उददेश्य से आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक समारोह में किशोर वर्ग की कई प्रतिभावान वालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने अपनी आकर्षक वेश-भूषा एवं मनमोहक धार्मिक नृत्यों की प्रस्तुति से उपस्थित जन समुदाय का मन-मोह लिया। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी प्रस्तुति देने हेतु 5 मिनिट का समय निर्धारित किया गया था। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ वेश-भूषा, लय-ताल एवं भाव-भंगिमा के आधार पर बहिन नैनसी एवं नीतू को प्रथम, कु. आकांक्षी एवं मानसी को द्वितीय एवं बहिन अक्षरा सेन को तृतीय पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान भी किये गये। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कृष्ण विहारी पांडे एवं वरिष्ठ सदस्य रघुनंदन शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार मिश्रा एवं आभार अशोक रावल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

**अखंड रामायण पाठ का समापन आज**

*इस अवसर पर आज रविवार को श्री गणेश मंदिर में चल रहे श्री अखंड रामायण पाठ का समापन रात्रि में होगा। इसके समापन पर हवन-पूजन आरती एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम भी होगा। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने नगर के समस्त धर्मप्रेमियों से पधारने का आग्रह किया है।*

## अधिकारी कर्मचारियों से बोले एसडीएम

# कोई भी काम पेंडिंग न रखें छोटे-छोटे कार्यों के लिए जनता तहसील की दौड़ नहीं लगाए

### नवागत एसडीएम विश्वकर्मा ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नवागत एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियो,कर्मचारियो की बैठक लेकर परिचय प्राप्त किया। वही उन्होने कहा कि शहर में जो भी विकास कार्य रूके हुए है उन्हें पहली प्राथमिकता से जनप्रतिनिधि, आम नागरिको के बीच पहुचकर उन कार्यो को पूरा किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक कार्यो में आ रही समस्याओं में समंवय स्थापित कर उन कार्यो को पूरा किया जाएगा। जनता को पारदर्शिता के साथ योजनाओं का लाभ दिलाना ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। तो वही शासन की जो भी योजना होगी उन योजनाओ का क्रियांवयन कर आम नागरिको को लाभ दिलाया जाएगा। शासन की योजनाओं का पात्र गरीबों को लाभ दिलाना एवं जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि काम किसी हालत में पेंडिंग न रखा जाए,छोटे-छोटे कार्यों के लिए जनता को अनावश्यक तहसील कार्यालय की दौड़ न लगानी पड़े, इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों से समयबद्ध तरीके से कार्य कराया जायेगा। साथ ही शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं का वह समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने में प्राथमिकता देंगे, जो भी शासन की प्राथमिकता के कार्य होंगे उन्हें धरातल पर किया जाएगा। इसके अलावा शासन के जो भी निर्देश होंगे उनका अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद को किया याद



सिरोंज। शासकीय सीएम राईज विद्यालय में खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए उनका जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना,पार्षद प्रतिनिधि संजू सोनी,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी,प्राचार्य महेश ताम्रकार,खेल शिक्षक शान मियां सहित हॉकी खिलाड़ी मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता तोषमणी पंथी कन्ना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने हॉकी खेलते हुए भारत को 3 स्वर्ण पदक दिलाए और उनको भारत सरकार ने पद्म भूषण से भी सम्मानित किया। आज पूरा देश खेल दिवस के रूप में उनका जन्मदिन मना रहा है और मेरी सभी छोटे-बडे हाकी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं है की हॉकी का खेल अच्छे तरीके से खेले और अपने सिरोंज का पूरे देश में नाम रोशन करें और आने वाले समय में आप में से भी हर एक हॉकी का खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जैसा खेल खेलकर भारत को सम्मानित करें।

## सांदीपनि विद्यालय से ब्लॉक स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन में एसडीएम बोले-

# 'खेल लाते हैं अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता'



**सिरोंज**। खेल महोत्सव सप्ताह के अवसर पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नवागत एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। तो वही नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। साइकिल रैली सांदीपनी स्कूल से प्रारंभ होकर पुलिस थाने तक निकाली गई।

इस दौरान पूरे रास्ते में बच्चों ने स्वस्थ तन-स्वस्थ मन का संदेश देते हुए नागरिकों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। यह आयोजन न केवल खेलों के महत्व को दर्शाता है, बल्कि बच्चों में फिटनेस और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता की अलख जगाने का भी प्रयास है। इस अवसर पर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए फिट इंडिया आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ नहीं रखते बल्कि जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता भी लाते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा फिट इंडिया आंदोलन की शुरूआत फिटनेस को हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से की गई थी। इस मूवमेंट का उद्देश्य व्यवहार में बदलाव लाना और अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय जीवनशैली की ओर बढ़ना है। फिटनेस को आसान, मज़ेदार और निःशुल्क के रूप में बढ़ावा देना। इस मौके पर एलबीएस कालेज के प्राचार्य डॉ.लाल चंद राजपूत,तहसीलदार संजय चौरसिया,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, प्राचार्य महेश ताम्रकार,खेल शिक्षक शान मिया,वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर,जमशेद खान आदि मौजूद थे।

## थाना प्रभारी से की सौजन्य भेंट



**सिरोंज**। युवा नेता अब्दुल वहाब खान ने सिरोंज अनुविभागीय क्षेत्र अंतर्गत थाना दीपनाखेड़ा में नवागत थाना प्रभारी पूजा रावत का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान श्री खान ने थाना प्रभारी से विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और पत्रकारों ने भी उनका स्वागत किया। वहीं थाना प्रभारी पूजा रावत ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में पूरी तरह अपराध को रोकना और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा,साथ ही क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना होगा। इस दौरान पत्रकार सलमान अमीन,तबरेज आलम,बृजेश सेन आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि सभा में मृत्यु भोज जैसी प्रथा समाप्त करने की ली शपथ



**ग्यारसपुर**। अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, संतोष कुशवाह व कल्याण कुशवाह की माताजी स्व. पूना बाई कुशवाह के निधन उपरांत आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समाज के लोगों ने मृत्यु भोज जैसी परंपराओं को समाप्त करने का संकल्प लिया। गंगा पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ हुए इस कार्यक्रम में कुश कल्याण बोर्ड अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाह, स्थानीय सरपंच राजू कुशवाह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि किसी परिवार में मृत्यु होने पर परिजन शोकाकुल रहते हैं, ऐसे समय में मृत्यु भोज जैसे कार्यक्रम आर्थिक बोझ डालते हैं और सामाजिक दिखावे को बढ़ावा देते हैं। हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विधिवत पूजा-पाठ एवं गंगा पूजन पर्याप्त है। समाज को चाहिए कि मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं से बचकर जरूरतमंदों की सहायता व सेवाकार्यों में धन खर्च करें। कार्यक्रम में भगवान सिंह कुशवाह, सरपंच निरंजन कुशवाह, पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रयागराज रघुवंशी, प्रताप सिंह रघुवंशी, मुकेश सोनी, नंदराम कुशवाह, डॉ. गणेशराम कुशवाह, हरगोविंद कुशवाह, मिश्रीलाल कुशवाह, पुरुषोत्तम कुशवाह सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## किसान संघ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन देकर खाद बीज की समस्या उठाई



**कुरवाई**। भारतीय किसान संघ के बैनर तले कुरवाई के किसानों ने विधायक हरि सिंह सप्रे के साथ भोपाल पहुंचकर खाद, बीज की समस्याओं और फसल बीमा के उचित मुआवजे की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा कर किसानों के हितों में शीघ्र निराकरण करने की मांग की। कुरवाई से राकेश रघुवंशी हिनौता, हरिसिंह चौहान पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष, बब्लू माला,राजमल जैन भौरासा आदि ने भोपाल पहुंचकर कर मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

### राधा मंदिर में आज होंगे दिनभर कई कार्यक्रम

**विदिशा**। नंदवाना स्थित राधाजी के मंदिर में हर साल की तरह इस वर्ष भी आज रविवार को राधाष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे तिलक दर्शन, 2 से 4 बजे तक महिला मंडल द्वारा बधाई गायन, शाम 4.30 बजे से 5 बजे तक उत्थापन दर्शन, 5 से 6 बजे भोग दर्शन एवं मटकी छेदन, शाम 6 से 7 बजे तक संध्या आरती दर्शन। शाम 7 से 10 बजे तक पालना दर्शन, हवेली संगीत ,आरती होगी। रात 11 बजे आरती के बाद मंदिर के पट बंद होंगे।

### केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन देकर जताई आपत्ति

**विदिशा**। संतशिरोमणी नामदेवजी महाराज पर गलत टिप्पणी के विरोध में शनिवार को खिलान सिंह नामदेव नामदेव, तेजिन्द्र सिंह (बन्नू भैया), रामकृष्ण नामदेव, दुर्गेश नामदेव के नेतृत्व में गणेश मंदिर पर केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अरूण सिरभैया, कमल किशोर नामदेव, राजेश नामदेव, कैलाश नामदेव, हेमन्त नामदेव, ब्रजेश नामदेव, तरूण नामदेव, शान्ति लाल नामदेव, रूद्रेश नामदेव मौजूद रहे।

## स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ



**शमशाबाद**। हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई गई। नगर परिषद द्वारा ज्ञान ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती को लेकर प्रदेशभर में 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल महोत्सव चल रहा है।जिसमें खेल प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनिल विद्रुआ ने खिलाड़ियों से परिचय ्राप्त किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि खेल हमें सिखाता है कि भले ही हमारी भाषा, धर्म, रंग या विचार अलग हो, लेकिन मैदान में हम सब एक जैसे हैं ।सभी मिलकर खेल भावना से एक दूसरे के सहयोग के साथ आगे बढ़े। स्कूली नन्हें बच्चों को डांस प्रतियोगिता कराई गई, कबड्डी, वॉलीबॉल, रेस, खो खो सहित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर स्कूल संचालक कीर्ति आर्य, पत्रकार ईश्वरी भार्गव, राम नारायण सेन, इंजीनियर विजय इवने, नरेन्द्र दुबे, गोरी शंकर शर्मा, शिक्षक शिव नारायण मीणा, वीर सिंह धाकड़, संजय धाकड़, नरेन्द्र वर्मा, इंदर नायक,धीरज सिंह राजपूत सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## महाराजा खेत सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**विदिशा**। महाराजा खेत सिंह के स्मारक पर जाकर महाराजा खेत सिंह खंगार को तिलक लगाकर, माल्यार्पण किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह राय ने बताया की महाराजा खेत सिंह खंगार का जन्म 27 दिसंबर 1140 ई. में हुआ था। इनके पिता रुणदेव सिंह और माता किशोर कुंवर वाई थीं। गढकुडार नरेश वीर प्रतापी महा योद्धा थे। महाराजा ने कई युद्ध जीते , महाराजा खेत सिंह सन 1140-1212 ई. 12 वी -13 वी शताब्दी के भारत के खंगार राजवंश के राजा थे। महाराजा खेत सिंह का निधन 30 अगस्त 1212 ई. में हुआ था राजपूत राजघराना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राय, जिला संयोजक रघुवीर सिंह पटवारी, ग्यारसी लाल राय, जगन्नाथ सिंह परिहार, राजेंद्र राय, महेश राय, बबलू परिहार आदि उपस्थित रहे।

## हृदय में कोमलता न आना अहंकार कहलाता है: मुनिश्री निरंजन सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

लटेरी में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के विद्यासागर मंडपम में संत शिरोमणि राष्ट्रीय चिंतक आचार्य 108 विद्यासागर एवं आचार्य 108 समय सागर परम शिष्य निरंजन सागर महाराज दसधर्म पर प्रतिदिन प्रवचन करते हैं। जनता को भक्ति की गंगा में स्नान कराते रहे हैं।

शनिवर को उत्तम मार्दव धर्म पर मुनि श्री ने कहा कि जिसने अपने मन को मार दिया है। जिसने अपने अहंकार को समाप्त कर दिया है। वहीं सही मायने में उत्तम मार्दव धर्म धारी है ऐसे उत्तम मार्दव धर्म को आचार्य पर्मिष्टि धारड करते हैं और उनसे उनके शिष्य भी धर्म का पाठ सीखते हैं। जिस प्रकार फलदार वृक्ष नरम होता है उसी प्रकार गुडवान। व्यक्ति नरम होता है। श्रमणों के पास आने में न श्रम करना पड़ता है किंतु उनके दर्शन मात्र से ही आपका भ्रम मिट जाता है। अहंकार के कारण आपस में मन मोटाओ अशांति कलह आदि समाप्त हो जाती है। विनम्र भाव से पुत्र और शिष्य को देखकर पिता और गुरु प्रसन्न होते हैं। प्राणी अपने कर्मों से कम और दूसरों की खुशी से ज्यादा दुःखी होता है।

मन का उबाल शांत होने पर ही मार्दव धर्म प्राप्त होता है। मुनिश्री के प्रवचन सुनने के लिए लोग लालयित रहते हैं। लटेरी जैन समाज 12 वर्ष के बाद चातुर्मास हुआ है लोगों में बड़ा उत्साह दिखाई दे रहा है। सुबह की पूजन पाठ महाराज जी के सानिध्य में हो रही है। जिसमें संगीत मय पूजन की जा रही है। गायक शिवम जैन द्वारा मधुर ध्वनि से मस्ती में झूमते हुए सभी लोग पूजन करते हैं। इसके पश्चात सभी लोग बच्चे बूढ़े नौजवान साथी भी महाराज जी के प्रवचन बड़े ही ध्यान से सुनते हैं।

## सीआईआईटी कॉलेज में फिल्म प्रोडक्शन पर वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




स्थानीय सीआईआईटी महाविद्यालय में राही फिल्म प्रोडक्शन की पूरी टीम ने फिल्म प्रोडक्शन को लेकर एक करियर वर्कशॉप का आयोजन किया।

इस वर्कशॉप में मुख्य रूप से फिल्म इंडस्ट्री में करियर के क्या-क्या क्षेत्र हैं इसकी चर्चा हुई। राही फिल्म प्रोडक्शन के डायरेक्टर धर्मेन्द्र अहिरवार ने छात्र छात्राओं को फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानकारी दी। यह भी बताया कि इंडस्ट्री में केबल हीरो हीरोइन तक ही सीमित नहीं है इसके अलावा भी करियर के काफी अवसर है। जिनमें लाखों की सैलरी मिल सकती है। पर्दे के पीछे रहकर भी हम अपने करियर में चार चांद लगा सकते हैं। उन्होंने बताया की स्क्रिप्ट राइटिंग सिनेमैटोग्राफी, लायटिंग, कलर ग्रेडिंग और केमरा हैंडलिंग में भी करियर बनाया जा सकता है।

ओटीटी के कारण अब मप्र शूटिंग की पहली च्वाइस बन चुका है। बहुत सारी फिल्म की शूटिंग होने लगी हैं और भोपाल एवं इंदौर में स्टूडियो खुल गए हैं। भविष्य में इन क्षेत्रों में मध्य प्रदेश इंडस्ट्री का हब होगा और नौकरिया उपलब्ध हो जाएगी । राही फिल्म प्रोडक्शन के ही अनिमेष श्रीवास्तव ने जिन्होंने पंचायत वेब सीरीज में एडिटिंग वर्क किया था।

### रुचि के अनुसार कॅरियर के विकल्पों को चुनें छात्र

पंचायत वेब सीरीज की शूटिंग और एडिटिंग का काम मप्र में ही हुआ था। उन्होंने ऐक्टिंग एवं एडिटिंग की बारीकियां भी छात्र छात्राओं को इस सेमीनार में सिखाया और सेमिनार में ही कुछ छात्र छात्राओं से एक्टिंग भी करवाई। संस्था के प्राचार्य नेहा शरण ने राही प्रोडक्शन को धन्यवाद दिया और छात्र छात्राओं से कहा कि करियर की हजारों राहे हैं। बस अपनी रुचि के अनुसार करियर के विकल्पों को चुनें। सीआईआईटी कॉलेज हमेशा ही नए क्षेत्रों में जाने का मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है। सीआईआईटी कॉलेज हमेशा ही यह प्रयास करता हे कि विद्यार्थी को ऐसी डिग्रियां मिलें जिनसे विद्यार्थी का करियर सुनिश्चित हो पाए और उन्हे रोजगार के लिए यहां वहां भटकने की जरूरत न पड़े।

## उन्नत कृषि तकनीक पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



जनपद सभा कक्ष में पौधरोपण कार्यक्रम एवं उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। किसानों ने कृषि क्षेत्र में लागू की जा रही नवीन योजनाओं और तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित होने का संकल्प लिया।

संगोष्ठी में किसानों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाने की जानकारी दी गई एवं पारंपरिक उर्वरकों जैसे यूरिया डीएपी के के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया नैनो डीएपी बायोफर्टिलाइजर और जलविलेय उर्वरकों उपयोग एवं महत्व के बारे में परिचर्चा की गई। इस अवसर पर सैकड़ों किसानों को पौधों का वितरण किया गया। कृषि अधिकारियों ने बताया कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण और भूमि उर्वरता बढ़ाने में सहायक होगा। इफको संस्था के विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक खाद और वैज्ञानिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात कृषि कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा कृषि स्थाई समिति सभापति सुखवेंद्र दांगी, सरपंच राजू कुशवाह, निरंजन कुशवाह, अनीश खान मंसूरी, फारूक अली रूपेश बघेल, प्रतीक गुप्ता, नरसिंह दास बैरागी आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## आत्मशुद्धि के लिए मनाया जा रहा पर्युषण पर्व



**सांची।** नगर के श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आत्मशुद्धि के पर्युषण महापर्व का आयोजन हर्षोल्लास एवं धर्ममय वातावरण में संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर प्रतिदिन मंदिर में सांगानेर राजस्थान से पधारे संभव भैया के सानिध्य में सुबह साढ़े 7 बजे से मंगलाष्टक अभिषेक एवं शांतिधारा पाठ का आयोजन किया जाता है। दोपहर में समाज के विभिन्न धर्मावलंबियों द्वारा विधान एवं रात्रि में आरती एवं प्रवचनों का आयोजन होता है। पर्युषण के दूसरे दिन भैया जी ने उत्तम मारदाव धर्म के बारे में बताते हुए कहा की मद के आते ही धर्म चला जाता है। मनुष्य को आत्म प्रशंसा एवं दूसरों की निंदा से बचना चाहिए और मन की कठोरता नहीं रखना चाहिए। महापर्व में प्रतिदिन स्थानीय जैन समाज बंधु एवं पार्षद प्रतिनिधि सुनील जैन उपस्थित रहे।

## संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



**रायसेन।** शहर सहित जिले में शनिवार को भादौ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर महिलाओं ने संतान सप्तमी का व्रत रखा। इस अवसर पर उन्होंने एकत्रित होकर देवाधिदेव भगवान शिवजी और पार्वती जी की पूजा पूरे विधि विधान से की और अपने संतान की लंबी उम्र की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने माता पार्वती और शिवजी को पकवानों का भोग अर्पित किया और कई माताएं मंदिरों में भी पहुंचीं। शहर के पटेल नगर निवासी मीनाक्षी दुबे, ताजपुर रोड़ निवासी वंदना श्रीवास्तव ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार संतान सप्तमी का व्रत संतान की लंबी आयु, खुशहाली, समृद्धि और अच्छी सेहत के लिए किया जाता है। उन्होंने इस दिन विशेष रूप से भगवान शिवजी और पार्वती जी की पूजा की और व्रत को संतान प्राप्ति के लिए भी उत्तम बताया।

## संतान सप्तमी पर व्रत रख महिलाओं ने की पूजन



**दीवानगंज।** क्षेत्र एवं गांवों कस्बों में श्री गणेश उत्सव मनाया जा रहा है, तो वहीं क्षेत्र की महिलाओं द्वारा शनिवार को संतान सप्तमी का व्रत रख माता पार्वती और शिव जी की पूचा अर्चना की एवं अपनी संतान की खुशहाली की कामना की। भाद्र मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को संतान सप्तमी और अनंत सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। महिलाओं ने अपने घर पर संतान साते का व्रत रखकर भगवान सूर्य की पूजा अर्चना की। पंडित चंद्र मोहन तिवारी ने महिलाओं को कथा सुनाते बताया कि भगवान सूर्य की अष्टदल बनाकर महिलाओं ने नकी पूजा की। भगवान को घी का दीप , लाल फूल, लाल कनेर का फूल , गुड़ और आटे का प्रसाद बनाकर भगवान सूर्य को अर्पित किया। सूर्य देव की पूजा में कई महिलाओं ने लाल वस्त्र धारण किए हुए थे। आगे कहा कि संतान सप्तमी व्रत संतान सुख प्रदान करने वाला व्रत है। इस व्रत से संतान को आरोग्य और दीर्घायु की प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने एक बार पांडु पुत्र युधिष्ठिर को भाद्र मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के महत्व को बताते हुए कहा था कि इस दिन व्रत करके सूर्य देव और लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से संतान की प्राप्ति होती है। आगे बताया कि जब माता देवकी के पुत्रों को कंस जन्म लेते ही मार देता था। लोमश ऋषि ने माता देवकी को तब संतान सप्तमी व्रत के बारे में बताया।

### निजी स्कूल बस चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन में भी अभी तक लापरवाही

# पूर्व में हुए स्कूल बस हादसों से भी स्कूल प्रबंधन से नहीं लिया सबक

### फाइलों में दफन होकर रह जाते हैं अधिकारियों के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




पिछले शिक्षा सत्र मार्च अप्रैल महीने में जिले के ओबेदुल्लागंज और मंडीदीप के पास दुर्घटना के बाद पलटी स्कूल की बस और स्कूल वैन। इन दोनों स्कूल वाहनों में सवार बच्चों का कहना था कि ड्राइवर शराब पीकर बस चला रहा था। पहले भी उसकी शिकायत की गई थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। ओबेदुल्लागंज के स्कूली बच्चों ने भी स्कूल बैन अंधी रफ्तार से सड़क पर दौड़ने की बात कही गई थी।

पहले रायसेन मे भी इसी तरह कि निजी स्कूल बस चालकों की मनमानी लापरवाही उजागर हो चुकी है। बावजूद इसके आरटीओ, यातायात पुलिस के आला अधिकारियों की शह की वजह से बजाय कार्रवाई करने के यह मामले फाइलों में ही दबा दिए जाते हैं।

### कार्रवाई नोटिस तक सीमित

जिले में स्कूल वाहनों के एक्सीडेंट मामले में जिला परिवहन विभाग से बजाय कड़ा एक्शन लेने की बजाय अपनी कार्रवाई महज इन दोनों प्रायवेट स्कूलों को शोकाज नोटिस जारी तक सीमित रखी गई है।

### इनका कहना है

एक स्कूल बस का रायसेन से परमिट बना है। कुछ दिन पहले वाहन ट्रांसफर कराया है। हमने संबंधित स्कूल को नोटिस दिया है, जवाब मांगा है। दूसरे स्कूल संचालक को भी कारण बताओ नोटिस विभाग द्वारा दिया गया था।

**-जगदीश सिंह भील,** आरटीओ रायसेन

### वेरिफिकेशन कराएंगे

इन ड्राइवरों का पुलिस के पास कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है। सभी स्कूल बस ड्राइवरों का पुलिस वेरिफिकेशन करवाएंगे। हम स्कूल प्रबंधनों से बात करेंगे, उन्हें जागरूक करेंगे कि पूर्ण प्रशिक्षित चालक को जिम्मेदारी दें।

**- कमलेश कुमार खरपुसे,** एएसपी रायसेन।

### अगर ये जिम्मेदार विभाग ध्यान दें तो हादसों पर लगेगी लगाम

*__जिला प्रशासन :__ कलेक्टर और आरटीओ के साथ स्कूल संचालकों की बैठक होती है। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करना अफसरों का जिम्मा है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा ।अगर स्कूली बसों के चालकों पर नकेल डालने के उद्देश्य से गंभीरता बरतें तो काफी हद तक इन रोक लगाई जा सकती है।*

*__जिला शिक्षा विभाग :__ जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी को परिवहन के नियमों का पालन कराना है, लेकिन स्कूलों में चेकिंग करने अधिकारी कभी नहीं जाते हैं, लाजिमी भी है क्योंकि इतनी फुर्सत नहीं कि वह जांच पड़ताल कराएं।*

*__पुलिस प्रशासन :__ चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों की चेकिंग करने वाली पुलिस स्कूली वाहनों के मामले में नरम रहती है। इनकी गंभीरता से जांच नहीं करती।*

*__जिला परिवहन विभाग :__ स्कूल बसों के फिटनेस-परमिट आदि की प्रक्रिया विभाग से ही होती है। सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित कराने में विभाग नाकाम है ।अगर विभागीय अफसर एक्शन मोड पर रहेंगे तो क्या मजाल किसी की स्कूली बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक हो जाए।*

*__निजी स्कूल :__ स्कूल के बच्चों की बसों की हालत अच्छी होना, ड्राइवर-कंडक्टर का व्यवहार, बच्चों-पालकों से फीडबैक लेना आदि होना है, पर ऐसा नहीं हो रहा है। मामलों में जानबूझकर कर ढिलाई बरती जाती है। जब तक सड़क हादसे घटित हो जाते हैं।*

## नवजात बच्ची को देखने बरेली पहुंची बाल कल्याण समिति

### नवजात शिशु के उपचार के लिए किया निर्देशित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

फॉलोअप

जिले की बरेली में कचरे के ढेर में मिली नवजात शिशु के मामले में शनिवार को बाल कल्याण समिति के पदाधिकारी बरेली पहुंचे एवं मामला संज्ञान में लिया। बरेली अस्पताल पहुंचकर नवजात शिशु के बारे में बीएमओ डॉ हेमंत यादव से जानकारी ली एवं नवजात शिशु के उपचार के लिए निर्देशित किया।

जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आदित्य चावला एवं सदस्य महेंद्र प्रजापति, ममता पटेल ने अस्पताल में नवजात के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

बीएमओ ने बताया कि नवजात पूर्णतः स्वस्थ है दो दिन और अस्पताल में रखकर नवजात को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द करेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी बरेली कपिल गुप्ता से मिलकर संबंधित प्रकरण के बारे में संज्ञान लिया तथा थाना प्रभारी को अज्ञात आरोपी का पता लगाने के लिए निर्देशित किया है।

### 'टीम पहल' ने उठाई पोषण की जिम्मेदारी




**बरेली।** कचरा वाहन में मिली नवजात बच्ची की देखभाल सिविल अस्पताल में हो रही है। वह पूरी तरह स्वस्थ है। नन्ही मासूम को ममता के साथ पोषण आहार (दूध पिलाने) की जिम्मेदारी टीम पहल परिवार के सेवा साथी पवन जरारिया द्वारा ली है। उनकी धर्म पत्नी को 15 दिन पूर्व ही पुत्र हुआ है। नवजात को 30 अगस्त की सुबह से अपनी ममता और संवेदना से फीडिंग की सेवा का कार्य भी प्रारंभ कर दिया। यह कार्य और जिम्मेदारी एक कार्य नहीं बल्कि उस कमी को पूरा करना है। जिसे कोई ओर पूरा नहीं कर सकता। नवजात का भविष्य टीम पहल के प्रयासों से आशा और उजाले से भरना शुरू हो गया है।

## गर्जन-गुंजन संग छलके झरने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विंध्यांचल की हरी-भरी पहाड़ियों से झरनों की कलकल ध्वनि इन दिनों लोगों को अपनी ओर खींच रही है। हलाली डैम की छरछरी और सलामतपुर के नजदीक मिनी पचमढ़ी के झरनों से गिरते पानी का नजारा देखते ही बनता है। रविवार को छुट्टी का दिन



होने से बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचे।

झरनों की फुहारों के बीच युवाओं ने जलक्रीड़ा का आनंद लिया, तो परिवारों ने हरियाली व प्राकृतिक छटा को कैमरों में कैद किया। युवा-युवतियों की टीम सेल्फी लेती रहीं। बारिश से झरनों की रफ्तार तेज होने के साथ ही इनका सौंदर्य और भी बढ़ गया है।

**फोटो -शिवलाल यादव रायसेन**

# नवजात को कचरा गाड़ी में फैंकने वाली निर्दयी मां को पुलिस ने खोज निकाली, पूछताछ जारी

### महिला एक बच्ची की पहले से ही थी मां, फिर प्रेम प्रसंग में फंसकर दूसरी बच्ची को दिया जन्म

- पति ने अलग रह रही महिला ने अवैध संबंध छिपाने कचरा वाहन में फेंक दी नवजात बच्ची को
- घर-घर कपड़े धोने का काम है उक्त महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शुक्रवार की सुबह नपं. की कचरा गाडी में नवजात कचरे गोबर के बीच पड़ी मिली थी। तभी से पुलिस प्रकरण दर्ज कर नवजात को फैंकने वाली माँ को तलाश रही थी।

शनिवार की शाम होने से पूर्व ही पुलिस की टीम ने नवजात द्वारा पहली टी शर्ट और मिले सुराग के आधार पर छीपा मोहल्ला निवासी परिवार की एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पहले तो महिला इंकार करती रही। बाद में नवजात को जन्म देना और कचरा गाड़ी में फेंकना स्वीकार कर लिया। एक दिन पूर्व डिलेवरी वाली उक्त महिला को फिलहाल सिविल अस्पताल में रखा गया है।

कचरा गाडी में फैंकी गई नवजात जिस अच्छे किस्म की टी-शर्ट पहने थी वह भी शक का कारण बना। गर्भवती




होने के बाद न तो महिला ने आंगनबाड़ी और न ही सिविल अस्पताल में गर्भवती होने का पंजीकरण न करवा कर छिपाने का बडा प्रयास किया।

पूछताछ में पुलिस को महिला ने ना तो व्यक्ति का नाम बताया और नवजात बच्ची को अपने साथ रखने से भी इंकार कर दिया। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया, जिसमें महिला को एक दिन पूर्व डिलेवरी की डॉक्टरों द्वारा पुष्टि किए जाने से यह स्पष्ट हो गया कि उक्त महिला ने ही नवजात को जन्म दिया और अवैध संबंधों को छिपाने नवजात को कचरा गाड़ी में फैंक दिया।

### पति से अलग थी महिला

*एक 10 वर्षीय बालिका की माँ पिछले 6-7 वर्ष से अपने पति को छोड़ कर छीपा मोहल्ला में अपने माता-पिता के साथ रहकर घरों घर कपड़े धोने का काम करती थी। इतने बीच में महिला का किसी के साथ प्रेम प्रसंग हो गया। महिला गर्भवती हो गई। पुलिस की काफी पूछताछ के बाद भी महिला ने उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया। जिससे उसके शारीरिक संबंध के कारण गर्भधारण हुआ और नो माह तक कोख में पाल कर नवजात बच्ची को जन्म दिया और लोकलाज बदनामी के भय से उसे नपं. की कचरा गाडी में फैंक दिया।*

### इनका कहना है

महिला को थाने लाकर पूछताछ की, महिला ने बच्ची को जन्म देना और कचरा गाड़ी में फैंकना स्वीकार किया है। मेडीकल में डॉक्टरो ने महिला को हाल ही में डिलेवरी होने की पुष्टि भी की।

**- कपिल गुप्ता,** टीआई बरेली।

## शहर में कहीं 25 मुख वाले तो कहीं पर बाल रूप में विराजे श्रीगणेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में जहां गणेशोत्सव की धूम मची हुई है, वहीं मूर्तिकारों द्वारा दिनरात मेहनत कर प्रतिमाओं को दिए आकार की जमकर तारीफ हो रही है। शहर के मूर्तिकार लक्ष्मी नारायण, रवि प्रजापति ने इस वर्ष बप्पा की अद्भुत और निराली प्रतिमाओं की निर्माण किया है। जिससे शहर में उन्होंने पहले ही वर्ष एक से बढ़कर एक प्रतिमा बनाकर अपनी अलग पहचान बना ली है।

उनके द्वारा बनाई 25 मुख एवं 50 हाथों वाली श्रीगणेश प्रतिमा श्रद्धालुओ के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं बाल स्वरूप में रामलीला में भी विराजित हैं। इनकी प्रतिमाएं भोपाल, गैरतगंज बेगमगंज एवं मंडीदीप पहुंची हैं।





## हाईवे 18 सड़क के दोनों ओर उगीं झाड़ियां

**सलामतपुर।** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर सड़क के दोनों ओर उगी झाड़ियाँ हादसों का सबब बन रही हैं। कस्बा सलामतपुर से गुजरने वाले इस मार्ग पर झाड़ियों की कटाई-छंटाई लंबे समय से नहीं की गई है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खड़ी झाड़ियां न केवल दृश्यता में बाधा डालती हैं, बल्कि कई बार अचानक वाहन के सामने आने से दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। वाहन चालकों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार में चलने के दौरान ये झाड़ियाँ सड़क के किनारे का स्पष्ट दृश्य नहीं दिखने देतीं, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग का अमला इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द झाड़ियों की कटाई कर सड़क को सुरक्षित बनाए।

## श्रीराधा अष्टमी पर निकलेगी शोभायात्रा, तैयारियां हुई पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरानुसार श्रीराधा-कृष्ण मंच के बैनर तले श्रीराधारानी का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारिया पूर्ण हो चुकी है।

श्रीराधाकृष्ण मंच के जिला अध्यक्ष मुकुल यादव ने बताया कि बालाजी धाम पर हनुमान जी महाराज बाल रूप में विराजमान है। यहां से ढोल नगाड़ो के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में श्री राधारानी मनमोहक रथ में विराजित की जाएगीं। यात्रा नगर भ्रमण के बाद श्री राधावल्लभ प्राचीन मंदिर पर पहुंचकर समापन होगा। आयोजन समिति ने लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने से अनुरोध किया है।



### यह रहेगे शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बिन्दु

इस शोभायात्रा में वृंदावन तर्ज पर प्रस्तुत कलाकारों की महा रासलीला श्रीराधाकृष्ण के कलाकारों द्वारा की जाएगी। शोभायात्रा में कई कार्यक्रम आकर्षक के केंद्र रहेंगे। इसके साथ ही नृत्य करते हुए घोड़े, डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए कलाकार, भजन कीर्तन मंडल के साथ कई आकर्षक झांकियां चल समारोह में शामिल होंगी।

### सीएचओ जॉली सिंह और आशा कार्यकर्ता बबली को सम्मानित किया

# परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र चिचोली ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इस केंद्र की सीएचओ, जॉली सिंह एवं बेगवा कला ग्राम की आशा कार्यकर्ता बबली कुशवाहा को अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों, विशेष रूप से अंतरा इंजेक्शन के प्रचार-प्रसार व सफल क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया।

सीएचओ जॉली सिंह और आशा कार्यकर्ता बबली कुशवाहा ने समुदाय में जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन की महत्ता को लेकर निरंतर जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने घर.घर जाकर महिलाओं से संवाद किया, उन्हें अस्थाई गर्भनिरोधक साधनों जैसे अंतरा इंजेक्शन, और माला-एन टैबलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन दोनों स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में



फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए महिलाओं को वैज्ञानिक और सुरक्षित उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विशेष रूप से अंतरा इंजेक्टेबल कांट्रासेप्टिव, जो हर 3 महीने में एक बार लगने वाला इंजेक्शन होता है, महिलाओं ने बड़ी संख्या में अपनाया। सीएचओ जॉली सिंह और आशा कार्यकर्ता बबली कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने सबसे अधिक हितग्राहियों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही समुदाय को फैमिली प्लानिंग से संबंधित समुचित जानकारी भी दी, जिसमें अस्थाई और स्थायी दोनों साधनों के बारे में विस्तार से बताया गया।

### लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच

जॉली सिंह और बबली कुशवाहा ने सैकड़ों लाभार्थियों तक पहुंच बनाकर उन्हें न केवल साधनों की जानकारी दी बल्कि उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने, फॉलो.अप करने और नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाई। इसके फलस्वरूप चिचोली क्षेत्र में परिवार नियोजन साधनों का उपयोग दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

इस उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए रायसेन में आयोजित एक जिला स्तरीय समारोह में उन्हें प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का प्रतीक है बल्कि यह पूरे सिलवानी ब्लॉक की स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति को भी दर्शाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी और उम्मीद जताई कि अन्य स्वास्थ्य केंद्र भी इसी तरह कार्य कर प्रेरणा लेंगे।